2/08/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश में अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किस्त जारी की। इस किस्त में नौ करोड़ सत्तर लाख से ज़्यादा किसानों को 20,500 करोड़ रुपये वितरित किए गए।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज ईटानगर स्थित डी.के. कन्वेंशन सेंटर में आयोजित सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में भाग लिया। यह कार्यक्रम आकांक्षी जिला और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमों के तहत उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए राज्य सरकार के योजना एवं निवेश विभाग और नीति आयोग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर, उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को सशक्त एवं उनके अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम "आकांक्षा हाट" का भी शुभारंभ किया।

0000000000000000000000

प्रसिद्ध साहित्यकार, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित येशे दोरजी थोंगची को आदिवासी साहित्य के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रतिष्ठित ताबूराम ताएद साहित्यिक पुरस्कार-2025 से सम्मानित

किया गया है। असम के शिक्षा मंत्री डॉ. रानोज पेगू के नेतृत्व में ताबूराम ताएद मेमोरियल ट्रस्ट ने शुक्रवार को धेमाजी जिले के गोगामुख में आयोजित एक समारोह में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया।

0000000000000000000000

अपनी तरह की पहली पहल के तहत, रोइंग ज़िला शहरी विकास एजेंसी (DUDA) ने अपने नियमित कचरा संग्रहण अभियान के तहत, लुप्तप्राय आदिवासी बोली, इदु मिश्मी में रिकॉर्ड किए गए स्वच्छता संदेशों का उपयोग शुरू कर दिया है। DUDA के कचरा संग्रहण वाहन अब स्थानीय भाषा में जागरूकता संदेश प्रसारित करते हैं और नागरिकों से इस बोली में स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह करते हैं।

0000000000000000000000

सचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (NFDC) ने पूर्वोत्तर राज्यों के युवाओं के लिए विशेष रूप से 3D एनिमेशन और विज़ुअल इफेक्ट्स में 8 महीने का रेसिडेंसियल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 100 चयनित उम्मीदवारों को उद्योग-संबंधित कौशल से लैस करना है। आवेदकों को 15 अगस्त, 2025 तक skill.nfdcindia.com/Specialproject पर रेजिस्टर कराना होगा।

0000000000000000000000

राज्य के जीवन तारा ने वियतनाम में आयोजित 9वीं एशियाई पंचाक सिलाट चैंपियनशिप 2025 में अंडर-45 किलोग्राम (क्लास डी) वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। वह एशियाई स्तर की मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में सीनियर पुरुष वर्ग में पदक जीतने वाले राज्य के पहले पुरुष एथलीट हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से अरुणाचल और देश गौरवान्वित हुआ हैं।

0000000000000000000000

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाहगे ने नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय ड्रोन एक्सपो में भाग लेते हुए राज्य के दूरदराज इलाकों में चिकित्सा आपूर्ति पहुँचाने में ड्रोन तकनीक की क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ड्रोन आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा वितरण में क्रांति ला सकते हैं। श्री वाहगे ने टेक ईगल और रेडविंग के साथ चल रहे सहयोग को तकनीक-संचालित पहुँच की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

0000000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस ने एक सप्ताह तक चले अभियान के दौरान इनर लाइन परमिट (ILP) नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में 16 लोगों को हिरासत में लिया है। नाहरलागुन SP डॉ. न्येलाम नेगा के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में लेबर कैम्प, कंस्ट्रक्शन साईट और सड़क किनारे स्थित प्रतिष्ठानों पर अभियान चलय गया।

इस संबंध में, बंगाल ईस्टर्न फ़्रंटियर रेग्युलेशन (BEFR) अधिनियम, 1873 के तहत बिना प्राथमिकी दर्ज किए मामले दर्ज किए गए और उल्लंघनकर्ताओं को कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा निष्कासित कर दिया गया।

0000000000000000000000

डेप्यूटी स्पीकर कारदो न्यिग्योर ने शुक्रवार को लोअर सियांग के जिला मुख्यालय के लिए नगर नियोजन प्रयासों का आकलन करने के लिए लिकाबाली के अंतर्गत सिजी का दौरा किया। तकनीकी समिति के साथ, उन्होंने प्रमुख स्थलों का अवलोकन किया और समावेशी एवं सतत शहरी विकास पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000

भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में अरुणाचल प्रदेश के राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI 2.0) और सतत विकास लक्ष्यों (LSDG) के स्थानीयकरण पर दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज यिंगकियोंग ब्लॉक में शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों में जागरूकता और संचालन संबंधी तत्परता बढ़ने एवं साक्ष्य-आधारित पंचायत विकास योजना में सार्थक भागीदारी को सुनिश्चित कर बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 6 जिलों ईस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, सियांग, लोअर सियांग और वेस्ट सियांग के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही 15 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले 24 घटों में अलग अलग स्थानों में गरज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000

गत 25 जुलाई को जांग झुंगैतेंग पुल के पास एक दुर्लभ लेपर्ड केट कब को देखा गया, जिसने स्थानीय लोगों और संरक्षणवादियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची में सूचीबद्ध यह लेपर्ड केट कब इस क्षेत्र में बहुत कम देखी जाती है। विशेषज्ञों ने इस दृश्य को स्थानीय जैव विविधता के लिए एक सकारात्मक संकेत बताया है।

0000000000000000000000